तापमान

अधिकतम 32.6 डिग्री

न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि

इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार 12 अगस्त 2026

15 सावन गगने घोर घन घटा, मोनो मोर मेघेरो शोंगी...

16 डिग्री के साथ चरित्र और व्यक्तित्व निर्माण...

10वीं-12वीं पास, स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स

1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी

विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

B.M. COLLEGE

B.Ed.

कोड-114336

काउंसलिंग अंतिम तिथि

12/08/26

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

9340311314, 9098849923

9303893829, 9300850065

दुर्ग जिले में 50 इलेक्ट्रिक बसों की मंजूरी, फरवरी-मार्च में शुरू होनी थी सेवा

डेढ़ साल बाद भी सड़कों पर नहीं उतरी ई-बस, 17.75 करोड़ से डिपो और चार्जिंग स्टेशन के बाद भी इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत दुर्ग-भिलाई में आधुनिक और प्रदूषण मुक्त सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था शुरू करने की तैयारी डेढ़ साल से चल रही है, लेकिन अब तक शहर की सड़कों पर एक भी इलेक्ट्रिक बस नहीं उतर सकी है। योजना के तहत दुर्ग-भिलाई क्षेत्र को 50 इलेक्ट्रिक बसों की मंजूरी मिली है। बसों के संचालन के लिए जरूरी डिपो और चार्जिंग स्टेशन का निर्माण भी पूरा हो चुका है। इसके बावजूद सेवा शुरू नहीं होने से योजना की उपयोगिता पर सवाल उठने लगे हैं। डिपो और चार्जिंग स्टेशन के लिए कुल 17 करोड़ 75 लाख रुपए स्वीकृत दी गई है।

कदंबरी नगर, सिकोला भाठा स्थित डी-मार्ट के पास एनएच-53 बाईपास पर अत्याधुनिक बस डिपो और चार्जिंग स्टेशन तैयार किया जा चुका है। बसों के संचालन के लिए टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। अधिकारियों की ओर से पहले फरवरी-मार्च 2026 के दौरान सेवा शुरू होने की जानकारी दी गई थी, लेकिन यह समय सीमा बीतने के बाद भी ई-बस सेवा शुरू नहीं हो सकी। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत छत्तीसगढ़ के चार शहरों रायपुर, दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर और कोरबा में इलेक्ट्रिक बसें चलाने की मंजूरी दी गई है। इनमें भिलाई से सबसे पहले सेवा शुरू किए जाने की बात अधिकारियों ने कही थी। लंबे समय से शहर में ई-बस सेवा शुरू करने की मांग की जा रही थी। ऐसे में योजना के शुरू होने से लोगों को बेहतर और पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन सुविधा मिलने की उम्मीद थी। ई-बस डिपो का भूमिपूजन फरवरी 2025 में हुआ था। इसके बाद डिपो और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम आगे बढ़ा। अधिकारियों की ओर से फरवरी-मार्च 2026 में बस सेवा शुरू करने की बात सामने आई थी, लेकिन यह समयसीमा निकलने के बाद भी सेवा शुरू नहीं हुई है। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से शहर में डीजल और पेट्रोल से चलने वाले सार्वजनिक वाहनों पर निर्भरता कम होने की उम्मीद है। इससे वायु प्रदूषण घटाने और शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार में मदद मिल सकती है। इसके अलावा आधुनिक बस सेवा शुरू होने से रोजाना सफर करने वाले लोगों को भी बेहतर सार्वजनिक परिवहन का विकल्प मिलेगा।

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ में सबसे पहले भिलाई से होनी थी शुरुआत

18 फरवरी 2025 को कदंबरी नगर स्थित डिपो स्थल पर भूमिपूजन करते जनप्रतिनिधि और अधिकारी।

आबादी के आधार पर चार शहरों को मिली बसें

प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत शहरों की आबादी के आधार पर इलेक्ट्रिक बसों के आवंटन का प्रावधान किया गया है। योजना के अनुसार 20 से 40 लाख आबादी वाले शहरों में 150, 10 से 20 लाख आबादी वाले शहरों में 100 और 5 लाख से कम आबादी वाले शहरों में 50 ई-बसें उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। दुर्ग-भिलाई क्षेत्र को 50 मीडियम इलेक्ट्रिक बसें आवंटित की गई हैं। वहीं रायपुर को 100 बसें, बिलासपुर को 35 मीडियम और 15 मिनी तथा कोरबा को 20 मीडियम और 20 मिनी इलेक्ट्रिक बसों की स्वीकृति मिली है।

डिपो व चार्जिंग स्टेशन के लिए राज्य में 67 करोड़ 40 लाख की स्वीकृति

दुर्ग-भिलाई में ई-बसों के लिए बस डिपो के सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए दुर्ग-भिलाई अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी को 6 करोड़ 73 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति सूडा द्वारा जारी की गई है। इसमें 4 करोड़ 4 लाख रुपए केंद्रांश और 2 करोड़ 69 लाख रुपए राज्यांश शामिल हैं। इसके अलावा डिपो में बीटीएम पावर इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 11 करोड़ 2 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। राज्य शासन ने चारों शहरों में ई-बसों के संचालन के लिए बस डिपो और बीटीएम पावर इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए कुल 67 करोड़ 40 लाख रुपए की स्वीकृति दी थी। इसके साथ ही संबंधित कार्यों के लिए निविदा आमंत्रित करने की अनुमति भी दी गई थी।

11 निकायों तक पहुंचेगी ई-बस सेवा, 18 फरवरी 2025 को हुआ था भूमिपूजन

इस योजना के दायरे में भिलाई नगर निगम, दुर्ग नगर निगम, रिसाली नगर निगम, भिलाई-चरोदा नगर निगम के साथ जमुल, अहिवारा, कुम्हारी, अमलेश्वर, धमधा, उतई और पाटन क्षेत्र शामिल होंगे। बस सेवा का संचालन दुर्ग जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी द्वारा किया जाएगा। बस डिपो के निर्माण के लिए 18 फरवरी 2025 को सुबह 11 बजे कदंबरी नगर स्थित डिपो स्थल पर भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया था। इस अवसर पर दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, भिलाई महापौर नीरज पाल, दुर्ग महापौर अलका बाघमार, दुर्ग के तत्कालीन कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, भिलाई निगम के तत्कालीन आयुक्त राजीव कुमार पांडेय, दुर्ग निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल और एमआईसी सदस्य सीजू एंथोनी आदि शामिल हुए थे।

नाबालिग को धमकी देकर चोरी करवाने वाले पार्षद पुत्र समेत तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नाबालिग को धमकाकर और जान से मारने की धमकी देकर मामा के घर से सोने के जेवर चोरी करवाने के मामला सामने आया है। घटना में पुलिस ने पार्षद बेटा समेत तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि घटना स्मृतिनगर पुलिस चौकी क्षेत्र का है। वार्ड 6 पार्षद रविशंकर कुर्रे के बेटे अनुराग कुर्रे, करन सोनी, रोहित गुप्ता को चोरी मामले में पकड़ा गया है। दुर्गा नगर जुनवानी रोड निवासी मोहम्मद मोहसीन खान ने पुलिस में शिकायत किया है कि करीब 2-3 माह पहले 17 साल के भांजे को अनुराग कुर्रे और उसके साथियों ने धमकी दी थी। आरोपियों ने नाबालिग पर घर से सोने के जेवरात लाने का दबाव बनाया। इसके बाद नाबालिग के जरिए मोहम्मद मोहसीन खान के घर से दो सोने की अंगूठी, सोने का हार, 1 जोड़ी कान की बाली और मंगलसूत्र चोरी करवाया गया। नाबालिग की मां ने भी चौकी में शिकायत किया था कि घर से सोना चांदी के जेवरात की चोरी कर अनुराग कुर्रे को नाबालिग ने दी थी। शिकायत के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने सोना चांदी के जेवरात जब्त किया है।आरोपियों से 8 लाख रुपए के जेवरात बरामद किया है।

- स्मृति नगर पुलिस चौकी की घटना, 8 लाख रुपए का सामान किया जब्त

नाबालिग को धमका कर करवाते थे चोरी

पुलिस के मुताबिक आरोपियों द्वारा नाबालिग को धमकाकर उसके घर से सोने के जेवर लाने का दबाव बनाते थे। नाबालिग के लाए गए जेवर आरोपी अपने पास रखा था। पुलिस ने तकनीकी जानकारी और जांच के आधार पर आरोपियों तक पहुंची। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। पुलिस ने नाबालिग बच्चे पर धमकी या दबाव बनाकर उसे किसी अपराध में इस्तेमाल करने की जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। समय पर सूचना मिलने से पुलिस चोरी की संपत्ति बरामद करने और आरोपियों पर कार्रवाई करने में तेजी ला सकती है।

खबर संक्षेप

गांजा के साथ युवती पकड़ाई, भेजा जेल

भिलाई। गांजा का अवैध कारोबार करने वाली युवती को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मिनी स्टेडियम, सुलभ शौचालय के पास युवती अवैध रूप से गांजा बेच रही थी। पुलिस ने दबिश देकर युवती को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर युवती ने अपना नाम तेलहा नाला खुर्सीपार निवासी के. अंजली सोनी बताया है। युवती के पास से पुलिस ने 1.500 किलो ग्राम गांजा और कैस 250 रुपये, मोबाइल जब्त किया गया। गांजा की कीमत 80,250 रुपये आंकी गई है। युवती को न्यायालय के समक्ष पेश कर उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

अवैध शराब की बिक्री करने वाले गिरफ्तार

भिलाई। जिले के थाना क्षेत्रों में शराब का अवैध कारोबार करने वाले सात युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ग्राम मडेली, थाना कुरुद, जिला धमतरी निवासी धर्मेंद्र साहू, धनेश्वर यादव, उगेश साहू, ग्राम कोलिहापुरी, पुलगांव सनत यादव, ग्राम मोहलई, धमधा विनय कुमार तुरकाने, भिलाई,छावनी दिनेश तागडे, मूलचंद साव को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से पुलिस ने 154 पौवा देशी मदिरा, कुल विभिन्न प्रकरणों में 5.400 बल्क लीटर के मुताबिक शराब, बिक्री की रकम 300 रुपये और सूमो गोल्ड वाहन सीजी 19 सी 0997 जब्त किया है। जिसकी कुल कीमत 2 लाख रुपए आंकी गई है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने थाना रानीतराई, पुलगांव, धमधा, छावनी पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी दबिश दी। कार्रवाई में कुल 154 पौवा देशी मदिरा जब्त किया है।

गदा चौक से सटोरिया पकड़ाया, भेजा जेल

भिलाई। सट्टा का संचालन करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गदा चौक सुपेला में युवक द्वारा पैसे लेकर अंकों के सामने दांव लगवाकर सट्टा संचालित कर रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी राजीव नगर, वार्ड 9 सुपेला निवासी छोटे लाल चौहान को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने सट्टा पट्टी और नगदी रकम जब्त किया है। सटोरिया से पुलिस ने मोबाइल, सट्टा-पट्टी पर्ची, नगदी 1,500, डॉट पेन जब्त किया है।

सेल्फ ड्राइव वाहन से हादसा होने पर दो लाख की डिमांड करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सेल्फ ड्राइव वाहन से हादसा होने के बाद रकम की डिमांड कर मारपीट को अंजाम देने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना में पुलिस चार महंगे वाहनों को जब्त भी किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि कर्मचारी नगर, दुर्ग स्थित सेल्फ ड्राइव टूर एंड ट्रेवल्स के संचालक ने कार और लग्जरी चार पहिया वाहन सेल्फ ड्राइव के किराए पर वाहन दिया करते हैं। माह भर पहले पीड़ित व उसके साथियों द्वारा कार इनके पास से लिया था। जिसमें वाहन स्कोडा रेपिड दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। 6 अगस्त को आरोपी कर्मचारी नगर, दुर्ग। निवासी ऋषि बघेल ने अपने साथी ग्राम फुलझर, थाना सोमनी राजनांदगांव प्रियांशु मंडल के साथ एक्सयूवी-500 वाहन में बोरसी सोसायटी चौक, महावीर ग्राउंड के पास पहुंचे। जहां पीड़ित युवकों को जबरन अपने वाहन में बिठाकर ले जाने और अंजोरा स्थित मार्ट के सामने स्कोडा रेपिड की मरम्मत के लिए दो लाख रुपये का डिमांड करने लगे। शिकायत के बाद पुलिस ने विवेचना के दौरान आरोपियों की शिनाख्त कर ऋषि बघेल उर्फ राज, प्रियांशु मंडल को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने डिजायर वाहन सीजी 10 एएक्स 3249, ऑडी वाहन सीजी 04 डीक्यू1000, स्कोडा रेपिड वाहन सीजी 13 यू 2251, एक्सयूवी-500 वाहन सीजी 12 सी 3930 को जब्त किया है।

- जबरन मारपीट की, पद्मनाभपुर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

यात्री की जेब से रकम छीनकर फरार होने वाले पुलिस की गिरफ्त में

भिलाई। आटो को रोककर यात्री से रकम छिनकर फरार होने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों को पुलिस ने न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि उमाशंकर प्रसाद श्रीवास्तव ने छावनी पुलिस को घटना की शिकायत की थी। पावर हाउस से सामान खरीदकर ऑटो सीजी 07 टी 3083 से कैलाश नगर, जामुल स्थित अपने घर जा रहा था। महाराणा प्रताप बरदाना दुकान के पास ऑटो पहुंचते ही चालक ने ऑटो को रोक दिया। उसके बाद युवकों ने पीड़ित के जेब में रखे रकम को छीनकर फरार हो गए। विवेचना के दौरान सुभाष चौक, कैम्प-01 निवासी सुलेन्दर सिंह उर्फ मोना, आरीफ खान को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

रेंजर पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर 8 लाख की ठगी, तीन गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

वन विभाग में रेंजर पद में नौकरी लगाने का झांसा देकर आठ लाख रुपए का ठगी करने के मामले में पुलिस ने तीन को गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि सेक्टर 2 निवासी दिनेश कुमार ने वर्ष 2023 में अपने बेटे को वन विभाग में रेंजर के पद पर नौकरी लगाने 8 लाख रुपये आरोपियों को दिया था। आरोपियों ने मंत्रालय से फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र पीड़ित को देकर ठगी किया। नौकरी नहीं लगने पर पीड़ित ने मकान नं. 167/एन-6, एकता नगर, ठेलका बोर्ड, पोस्ट गोविंदपुर, कांकेर निवासी भारतेन्दु मेश्राम, कृष्णा ग्रैण्ड सिटी, के-21, आर्य नगर, कोहका चौकी स्मृति नगर हनी श्रेष्ठ, ग्राम टिकरी अर्जुनी, जिला बालोद भोजेन्द्र कुमार को रकम दिया था। समय बीतने के बाद भी पीड़ित के बेटे का नौकरी नहीं लग पाया। परेशान होकर पीड़ित ने आरोपियों से रकम लौटाने की बात कहते रहे लेकिन आरोपियों ने लगातार पीड़ित को घुमाते रहे। परेशान होकर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत की थी। जांच के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से फर्जी नियुक्ति समेत कई दस्तावेज जब्त किया है।

- वन विभाग में नौकरी लगाने ठगी, फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर किया गुमराह

सितार गुटखा कारोबारी जुमनानी पर 317 करोड़ की टैक्स पेनल्टी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

चर्चित गुटखा कारोबारी गुरमुख जुमनानी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। राज्य जीएसटी विभाग ने सितार गुटखा कारोबार से जुड़े मामले में 317 करोड़ रुपए टैक्स और पेनल्टी का आदेश जारी किया है। विभाग के आदेश के मुताबिक निर्धारित राशि 90 दिन के भीतर जमा करनी होगी। राशि जमा नहीं होने पर विभाग द्वारा 12 चिन्हित संपत्तियों की कुर्की कर बकाया वसूली की कार्रवाई की जा सकती है।

जानकारी के अनुसार जीएसटी विभाग की टीम ने जुलाई 2025 में जोरातराई और गनियारी स्थित फैक्ट्रियों में छापेमारी की थी। प्रतिबंधित तंबाकूयुक्त गुटखे के कारोबार से जुड़े मामले की करीब पांच साल तक जांच चली। जांच में प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में नेटवर्क के जरिए कारोबार संचालित किए जाने की जानकारी सामने आने का दावा किया गया है। गुरमुख जुमनानी के खिलाफ कोर्ट में चालान भी पेश किया जा चुका है। जांच के दौरान उसके तीन कर्मचारियों को सरकारी गवाह बनाए जाने की बात भी सामने आई है। अधिकारियों के मुताबिक कर्मचारियों से एफिडेविट लिए गए हैं, ताकि उनके बयानों को रिकॉर्ड पर रखा जा सके। जांच के दौरान जीएसटी विभाग ने गुरमुख जुमनानी के मालिकाना हक वाली 12 संपत्तियों को चिन्हित किया है।



लगातार चल रहा अभियान, फिक्स पॉइंट लगाकर हो रही चेकिंग

ट्रैफिक पुलिस ने हटाया अतिक्रमण, 6431 वाहनों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

ट्रैफिक पुलिस ने सड़क हादसों में कमी लाने फिक्स पॉइंट ड्यूटी लगाकर नियम का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर कार्रवाई किया है।उनके खिलाफ ई चालान किया जा रहा है। बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, शराब सेवन कर वाहन चालाने, नो पार्किंग के मामलों में विशेष रूप से कार्रवाई की जा रही है। सात दिनों के भीतर बिना हेलमेट के 3,897 और नो पार्किंग के 1215 प्रकरण पर शिकंजा कसा गया। शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले, तेज रफ्तार, लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वाले चालकों की जांच की जा रही है। रात के समय प्रमुख मार्गों एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में विशेष चेकिंग कर शराब सेवन करने वाले चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से चेक किया जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस ने लापरवाहीपूर्वक वाहन 79, तीन सवारी 428, ब्लैक फिल्म 6, शराब सेवन 69, परमिट शर्तों का उल्लंघन 16, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग 28, बिना हेलमेट 3,897, बिना सीट बेल्ट 424,बिना बीमा 70,नो पार्किंग 1215, नो एंट्री 17, अन्य धाराओं में 150 समेत कुल 6,431 प्रकरण में कार्रवाई किया गया।

नो पार्किंग के 1215 प्रकरण

नो पार्किंग में वाहन न रखे

दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं हेलमेट पहनें और पीछे बैठने वाले व्यक्ति को भी हेलमेट पहनाएं। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। शराब का सेवन कर वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें। निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं और लापरवाहीपूर्वक वाहन न चलाएं। नो पार्किंग एवं नो एंट्री क्षेत्र में वाहन खड़ा प्रवेश न करें। नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने के लिए वाहन न दें।

12
August
अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राजमहंत
मान. श्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सतीश साहू
विधायक प्रतिनिधि

04

तिरंगे के मान में निकली रैली...

लाइव इवेंट

456 गांवों से पहुंचे प्रतिनिधि, मंगलाचरण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

भिलाई। वैशाली नगर स्थित खंडेलवाल भवन में नागपुर प्रांतीय दिगंबर जैन खंडेलवाल सभा की बैठक आयोजित हुई। सभा में करीब 456 गांवों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। अतिथियों और प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए बैठक में नए पदाधिकारियों एवं संयोजक मंडल का गठन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महावीर स्वामी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन और णमोकार मंत्र के साथ हुई। इस अवसर पर नागपुर पंचायत के दिवंगत महानुभावों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समिति के पदाधिकारियों ने सभी प्रतिनिधियों का तिलक लगाकर एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष मनोज पहाड़िया ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने समाज की गतिविधियों और आगामी योजनाओं की जानकारी प्रतिनिधियों के समक्ष रखी। कार्यक्रम में महिलाओं ने मंगलाचरण की प्रस्तुति दी, वहीं बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का ध्यान आकर्षित किया। महिला प्रकोष्ठ एवं उपस्थित प्रतिनिधियों का भी अभिवादन किया गया। सभा का संचालन प्रांतीय सभा के कैलाश जैन, महावीर जैन, देवेंद्र जैन और अरविंद जैन ने किया।

संयोजक मंडल में ये शामिल

संयोजक मंडल में भिलाई से प्रदीप जैन बाकलीवाल, राकेश जैन, प्रवीण छाबड़ा, विमल शाह, अशोक नेगोटिया, संजीव जैन, सतीश जैन और निर्मल जैन, छिंदवाड़ा से पंकज जैन, राजकुमार जैन, प्रफुल जैन, प्रमोद जैन, अरुण बोहरा और संजय बोहरा, रायपुर से अरविंद जैन, अरविंद पहाड़िया, सुनील जैन, चिरंजीव जैन, किशोर जैन और कजोड़मल जैन को संयोजक मंडल में शामिल किया गया।

लाइव इवेंट

नई जिम्मेदारियों के साथ समाज सेवा का संकल्प, देवांगन समाज के पदाधिकारियों ने ली शपथ

भिलाई। समाज के विकास, एकजुटता और सामाजिक हितों के लिए नई जिम्मेदारियों के साथ कार्य करने का संकल्प लेते हुए जिला देवांगन कल्याण समाज दुर्ग के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह मीनाक्षी नगर स्थित मां परमेश्वरी भवन में हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय, मंडल और ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजनों की उपस्थिति रही। प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छत्तीसगढ़ से संबद्ध जिला देवांगन कल्याण समाज दुर्ग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप देवांगन ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, पार्षद गोविंद देवांगन और पार्षद कमल देवांगन उपस्थित रहे। वहीं प्रदेश महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष किरण देवांगन, प्रदेश उपाध्यक्ष पोषण देवांगन, प्रदेश सचिव मुकेश देवांगन, संगठन मंत्री रवि देवांगन और प्रदेश प्रवक्ता सत्यनारायण देवांगन सहित समाज के वरिष्ठजनों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

लाइव इवेंट

मुख्यमंत्री को नाड़ी वैद्य घरेलू उपचार की पुस्तक भेंट

भिलाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से वैद्यराज वाई अप्पल नायडू मुलाकात किया। इस दौरान श्री नायडू अपनी नाड़ी वैद्य घरेलू उपचार की पुस्तक को भेंट किया। मुख्यमंत्री ने पुस्तक को लेकर शुभकामाएं दी। अब तक वैद्यराज ने 6 लाख 20 हजार मरीजों का निःशुल्क उपचार कर चुके है। पुस्तक में शरीर के नस नाड़ी को लेकर उपचार की खासी जानकारी उपलब्ध है। वैद्यराज बेलन और दाल घोटनी की पुरानी पद्धति से मरीजों का उपचार करते है।

● गुरु रविंद्र नाथ टैगोर की पुण्यतिथि पर वर्षा मंगल का मंचन, हुई प्रकृति पूजा, गीत-नृत्य से बच्चों ने रचा शांति निकेतन का रंग

सावन गगने घोर घन घटा, मोनो मोर मेघेरो शोंगी गीत से सजा वर्षा मंगल, बारिश की बूंदों में गूंजा प्रकृति प्रेम का रवींद्र संगीत

भिलाई। मोनो मोर मेघेरो शोंगी, सावन गगने घोर घन घटा और आजी झरो झरो मुखोरो बादरो गीत पर खूबसूरत भावभंगिमाओं के साथ गीत वितान के बच्चों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों दी खूब तालियां बटोरी। सावन-आषाढ़ की बारिश जब धरती को हरियाली की चादर ओढ़ाती है, तब प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की रवींद्रनाथ टैगोर की परंपरा और भी प्रासंगिक हो उठती है। इसी भाव को भिलाई की धरती पर गीत, संगीत, नृत्य और पौधरोपण के माध्यम से जीवंत किया गया। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की पुण्यतिथि के अवसर पर स्कूल ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स गीत वितान कला केंद्र रूआबांधा की ओर से प्रगति भवन सिविक सेंटर में वर्षा मंगल का भावपूर्ण मंचन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों और युवा कलाकारों ने रवींद्र संगीत के जरिए प्रकृति के सौंदर्य, वर्षा की उमंग और उसके संरक्षण का संदेश दिया।

संगीत में दी संगत

वर्षा मंगल का संगीत एवं नृत्य निर्देशन नृत्यमणि मिथुन दास ने किया। तबले पर रुद्र प्रसन्न जेना, गिटार पर डेनिल कोसारिया और गिरीशा चौहान, की-बोर्ड पर हर्ष सोनटेके और विनायक घोष तथा हारमोनियम पर चंद्रा बनर्जी ने संगत दी। आलेख पाठ सुपर्णा चक्रवर्ती, शुभाशीष डे और साथी सेन ने किया, जबकि मंच संचालन रचना श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में रंगमंच एवं फिल्म निर्देशक डॉ. योगेंद्र चौबे, शिक्षाविद् एवं सांस्कृतिक चिंतक डॉ. समीर रक्षित, शिक्षाविद् चिरंजीव जैन तथा साइबर क्राइम विभाग प्रमुख डॉ. संकल्प राय का विशेष सम्मान किया गया। आयोजन में नरेंद्र कुमार बंछोर, वीके मोहम्मद, रजनी सिन्हा, प्रदीप कुमार मित्रा, राजील वर्मा, परिमल मंडल, चंद्रा बनर्जी, अस्मिता बनर्जी, शैलेश चाहंडे, शांतानू दासगुप्ता सहित कला साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शक्ति चक्रवर्ती का विशेष योगदान रहा।

प्रकृति-चेतना का सांस्कृतिक उत्सव

रवींद्रनाथ टैगोर के शांति निकेतन की परंपरा में प्रकृति केवल उत्सव का विषय नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा रही है। वर्षा मंगल इसी प्रकृति-चेतना का सांस्कृतिक उत्सव है, जिसमें बारिश के आगमन के साथ प्रकृति की पूजा, उसके प्रति कृतज्ञता और संरक्षण का संकल्प जुड़ा है। इसी परंपरा का अनुसरण करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत गुरुदेव के छायाचित्र पर माल्यार्पण और उसके समक्ष पौधरोपण के साथ प्रकृति पूजा से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग विधायक ललित चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम अध्यक्ष मोना सेन और कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों ने गुरुदेव के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम की सराहना की। संस्था के उपाध्यक्ष सोमेन कुंडू ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर संस्था के बी.म्यूज., बीएफए एवं एमएफए उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा दीक्षांत समारोह के मानपत्र प्रदान किए गए।

रवींद्र संगीत में घुली बारिश की रिमझिम

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरुआत वंदे मातरम्-गीत की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में संस्था के गिटार और की-बोर्ड विद्यार्थियों द्वारा इसकी धुन की प्रस्तुति से हुई। इसके बाद रवींद्रनाथ टैगोर की रचनाओं पर आधारित गीत, नृत्य और आलेख के समन्वय ने मंच को शांति निकेतन के सांस्कृतिक वातावरण में बदल दिया। 'मोनो मोर मेघेरो शोंगी', 'हृदय मंदीलो डमरू', 'सावन गगने घोर घन घटा' और 'आजी झरो झरो मुखोरो बादरो' जैसी प्रस्तुतियों पर दर्शक भावविभोर हो उठे। इन प्रस्तुतियों से कलाकारों ने बताया कि वर्षा केवल मौसम का बदलाव नहीं, बल्कि धरती के नवजीवन का उत्सव है। ऐसे में प्रकृति के साथ मनुष्य का रिश्ता और उसकी रक्षा का संकल्प ही वर्षा मंगल की वास्तविक भावना है।

पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों का एक माह तक होगा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, विशेषज्ञ डॉक्टर देंगे परामर्श

भिलाई। पुलिस के अधिकारी और कर्मचारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए बीएम शाह हॉस्पिटल एवं मेडिकल रिसर्च सेंटर, भिलाई की ओर से एक माह का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण आयोजित किया जा रहा है। यह सुविधा 15 अगस्त से 15 सितंबर 2026 तक उपलब्ध रहेगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस स्वास्थ्य पहल के तहत पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न स्वास्थ्य जांच के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों से निःशुल्क परामर्श की सुविधा मिलेगी। इसके लिए हेल्थ वाउचर कार्यालय को सौंप दिया गया है। विभाग की ओर से डॉ. सुधीर गांगेय शिविर के समन्वय और मार्गदर्शन में सहयोग करेंगे।

बीएम शाह हॉस्पिटल के ट्रस्टी रवि विजय शाह ने कहा कि पुलिसकर्मी दिन-रात आम नागरिकों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए काम करते हैं। ड्यूटी के दौरान कई बार वे अपने स्वास्थ्य पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पाते। ऐसे में नियमित स्वास्थ्य जांच और समय पर चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराना जरूरी है। उन्होंने कहा कि दुर्ग पुलिस के लिए आयोजित यह निःशुल्क स्वास्थ्य पहल अस्पताल की सामाजिक जिम्मेदारी और पुलिस विभाग के प्रति सम्मान का प्रयास है। भविष्य में भी पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए

सहयोग जारी रखा जाएगा। अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. जय तिवारी ने बताया कि पुलिसकर्मियों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच, विशेषज्ञ परामर्श और आवश्यक उपचार की व्यवस्था की जाएगी। न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, जनरल मेडिसिन, स्त्री रोग और नेत्र रोग सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। अस्पताल के ऑपरेशन डायरेक्टर डॉ. अरुण मिश्रा ने बताया कि बीएम शाह हॉस्पिटल आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ समाजसेवा और जनकल्याण के कार्यों में भी सक्रिय है। उन्होंने कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविर अस्पताल की सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

ताइक्वांडो चैंपियनशिप में दुर्ग ने जीते 25 पदक

दुर्ग। ऑल स्टाइल मार्शल आर्ट्स एकेडमी ने ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में 25 पदक जीते हैं। कुशाभाऊ ठाकरे भवन आदित्य नगर में आयोजित 5वीं राज्य तायक्वांडो चैंपियनशिप पी-वी, सब-जूनियर, कैडेट व जूनियर वर्ग के लिए आयोजित की गई। दुर्ग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। वासुदेव निखिल, मोहन प्रताप सिंह और अमन गंधर्व के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के 200 से अधिक बच्चों ने भाग लिया।प्रतियोगिता में ऑल स्टाइल मार्शल आर्ट्स एकेडमी की कोच मानसी सोनी के मार्गदर्शन में 27 बच्चों ने हिस्सा लिया। बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए इन खिलाड़ियों ने 8 स्वर्ण, 5 रजत और 12 कांस्य सहित कुल 25 पदक जीतकर दुर्ग जिले का नाम रोशन किया। पदक विजेताओं में शिवाय, आरव, अभय, नित्यांश, भव्य, शीतल, फैजान, दीक्षा, ख्याति, आन्वी, अनंत, ध्रिशा, नुशी, एकता, परी, प्रथम, जय, भूमि, श्रेयन, धात्री, अमन, यश, शेर्शा, प्रशस्ति, विहान और वरुण शामिल हैं। सभी विजेताओं को एकेडमी और खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

दिव्य अनुभूति विद्यालय में पारंपरिक झूले और छत्तीसगढ़ी संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

कार्नर न्यूज

भिलाई। दिव्य अनुभूति विद्यालय कोहका में हरेली महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। पूरे कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के प्रथम पर्व हरेली की परंपरा और लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। इस दौरान बच्चों ने छत्तीसगढ़ी वेशभूषा और गानों में मनमोहक प्रस्तुति दी। आयोजन के दौरान ग्रामीण परंपराओं और कृषि संस्कृति से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां कराई गईं। लोगों ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। आयोजन के दौरान हरेली पर्व की पारंपरिक मान्यताओं और छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहेजने का संदेश दिया गया। हरेली महोत्सव में दिव्य अनुभूति विद्यालय के संचालत जेपी घनघोरकर, संदीप उपाध्याय ब्यूरो चीफ हरिभूमि, भिलाई निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज भोजू, महेश वर्मा पार्षद वार्ड 11, संतोष मौर्या पार्षद वार्ड 15, पियूष मिश्रा पार्षद वार्ड 38, कन्हैया सोनी, शारदा गुप्ता, प्रदेश प्रमुख आई भाजयुमो अमित मिश्रा,ल प्रदेश सह संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा डॉ. प्रदीप चौधरी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष स्वीटी कौशिक, प्रदेश सह संयोजक किसान मोर्चा भाजपा राम उपकार तिवारी, भाजपा नेता दिनेश कुमार सिंह, मनोहर सिंह बघेल व विनय गणेश सहित अन्य जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डीएस साहू और माधुरी वर्मा द्वारा किया गया।

धूमधाम से मनाया गया हरेली महोत्सव, छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में स्कूल के बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व बच्चों का का सम्मान

आयोजन के दौरान कोहका में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए सरस्वती नागेश्वर, रागिनी वर्मा, मीरा साहू, मीता जंघेल, पेचशीला, कमलेश्वरी जंघेल, संतोषी साहू, माधुरी वर्मा को सम्मानित किया गया। उन्हें उनके लगन और कर्मनिष्ठा के लिए सम्मान प्रदान किया गया।

शिक्षक, विद्यार्थियों और नागरिकों को बांटे राष्ट्रीय ध्वज

राष्ट्रीय चेतना जागृत करने और बच्चों में देशप्रेम की भावना विकसित करने के उद्देश्य से कोहका स्थित दिव्य अनुभूति विद्यालय में ध्वज वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों और गणमान्य नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए गए। समारोह में विद्यालय के बच्चों को विशेष रूप से निःशुल्क तिरंगे वितरित किए गए।

सिटी इवेंट

सेवा और सद्भाव से जीवन को ऐसी पहचान दें, जो हमेशा याद रहे

भिलाई। जीवन की पहचान केवल इस बात से नहीं होती कि किसी व्यक्ति ने कितने वर्ष जिए, बल्कि इस बात से होती है कि अपने जीवन में उसने कितने लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाई और कितने लोगों के सुख-दुख में साथ खड़ा रहा। बघेरा स्थित आनंद सरोवर में शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं मोदी स्टोर के संचालक स्व. बसंत कुमार मोदी की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके सरल, सेवाभावी और आध्यात्मिक व्यक्तित्व को इसी भाव के साथ याद किया गया। सभा में मोदी परिवार सहित एक हजार से अधिक लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी मनोरमा बहन प्रयागराज विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि बसंत मोदी दुर्ग में ब्रह्माकुमारीज की सेवा के शुरुआती दौर के प्रथम विद्यार्थियों में रहे। संस्था के संपर्क में आने के बाद उन्हें परमात्म ज्ञान और राजयोग के प्रति गहरी आस्था हुई, जिसे उन्होंने जीवनभर बनाए रखा।मनोरमा बहन ने कहा कि चलना तो सभी जानते हैं, लेकिन चलते-चलते रहनुमा बन जाना और आगे बढ़कर नेतृत्व संभालना बड़ी बात है।

बसंत मोदी ने अपने जीवन से इसका उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके आकस्मिक निधन को याद करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन की नश्वरता सभी जानते हैं, लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि व्यक्ति अपने पीछे कैसी स्मृतियां छोड़कर जाता है। कुछ लोग जीवन की यात्रा पूरी कर चले जाते हैं, जबकि कुछ अपने श्रेष्ठ कर्मों से ऐसी छाप छोड़ जाते हैं कि उनके जाने के बाद भी समाज उन्हें याद करता है। उन्होंने कहा कि किसी जरूरतमंद की मदद करना, किसी के जीवन में सहयोग देना और किसी के हृदय से निकली दुआ पाना जीवन की बड़ी कमाई है। धन-संपत्ति के साथ दुआओं और शुभकामनाओं की पूंजी भी अर्जित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बसंत मोदी के जीवन से सेवा, सहयोग और सद्भाव की प्रेरणा लेना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्रद्धांजलि सभा में सविता, किरण रायपुर, प्रीति, पूजा भिलाई, श्रद्धा प्रयागराज, गुरमुख दास कलवानी रायपुर, रीटा दीदी संचालिका ब्रह्माकुमारीज दुर्ग, रूपाली दुर्ग सहित ब्रह्माकुमारीज परिवार के सदस्य और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने स्व. मोदी के सरल स्वभाव, आध्यात्मिक निष्ठा और सहयोगी भावना को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

सिटी लाइव

आदिवासी संस्कृति और परंपरा के संरक्षण का दिया संदेश

भिलाई। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर राजनांदगांव के विराट पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित विराट सम्मेलन में भिलाई से भी सामाजिक क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि शामिल हुए। कंगला मांझी अंतरराष्ट्रीय समाजवादी सैनिक संगठन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से पहुंचे सदस्यों ने भाग लिया। सम्मेलन में आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा, सामाजिक योगदान और बलिदान पर वक्ताओं ने विस्तार से विचार रखे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजमाता फुलवा देवी ने की, महापौर मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव और बस्तर क्षेत्र के लेखकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, कलाकारों एवं शिक्षाविदों को मंच पर सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जूडो खेल में स्वर्ण पदक हासिल करने वाली रंजीता कोरेटी तथा कंगला मांझी पर शोध करने वाले मीडिया जगत से जुड़े स्कॉलर सुरेन्द्र सिंह को स्मृति चिन्ह एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में मोहन हिडको, दिनेश कोरेटी और भुनेश्वर नेताम अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कंगला मांझी नृत्य दल बघमार, कोंडागांव और राजनांदगांव के कलाकारों ने पारंपरिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति की छटा बिखेरी। कार्यक्रम में भिलाई से यमुनोत्री वर्मा, स्मिता वर्मा एवं अगासदिया के कोषाध्यक्ष नीतीश शामिल हुए। उन्होंने सम्मेलन में छत्तीसगढ़ की संस्कृति और सामाजिक संरचना में आदिवासी परंपराओं के महत्व तथा उनके योगदान पर चर्चा की।

वक्ताओं ने कंगला मांझी के जागरण कार्य, संगठन की भूमिका और आदिवासी समाज के उत्थान के प्रयासों को याद किया। मांझी सैनिक प्रमुख कुंभ देव कांगे और सचिव राजीव उइके के सहयोग से आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार राजकुमारी कांगे ने किया।सम्मेलन में कंगला मांझी के गांव बघमार को गौरव ग्राम के रूप में विकसित करने तथा वहां सुविधाएं उपलब्ध कराने में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के योगदान को याद किया गया। वहीं डोंगरगढ़ में सैनिक विश्राम गृह के लिए विराट मंदिर परिसर उपलब्ध कराने में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के योगदान का भी उल्लेख किया गया। मांझी सरकार के जागरण कार्य, राजमाता की संगठन क्षमता, कुंभ देव कांगे की भूमिका तथा कंगला मांझी की पुत्री राजकुमारी कांगे के लेखन एवं दस्तावेजीकरण के प्रयासों को भी रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी समाज की संस्कृति, संघर्ष, बलिदान और सामाजिक महत्ता को केंद्र में रखते हुए विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन

डिग्री के साथ चरित्र और व्यक्तित्व निर्माण भी जरूरी नैतिक मूल्यों को बनाएं अपने जीवन का आधार

भिलाई। विश्वविद्यालय में प्रवेश लेना विद्यार्थियों के जीवन की एक नई शुरुआत होती है। इसी शुरुआत को भारतीय संस्कृति, परंपरा और संस्कारों से जोड़ते हुए स्थानीय श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें विश्वविद्यालय की कार्य संस्कृति, शैक्षणिक वातावरण, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रनिर्माण में उनकी भूमिका से परिचित कराया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को यह संदेश भी दिया गया कि उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री हासिल करना नहीं, बल्कि ज्ञान के साथ बेहतर व्यक्तित्व और जिम्मेदार नागरिक के रूप में स्वयं को तैयार करना है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति से ज्ञान, कौशल और नवाचार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आई.पी. मिश्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्रनिर्माण की कार्यशाला है। यह केवल डिग्री प्रदान करने का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, चरित्र निर्माण और राष्ट्रनिर्माण का बेहतर स्थान है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, समयबद्धता, निरंतर अध्ययन और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों को ज्ञान, कौशल, नवाचार और भारतीय संस्कृति से जोड़ते हुए वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने का अवसर प्रदान करती है। विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में उपलब्ध प्रत्येक अवसर का पूर्ण लाभ उठाकर उत्कृष्टता की ओर बढ़ना चाहिए।

शिक्षा से संवेदनशील नागरिक बनें

गंगाजली एजुकेशन सोसायटी की प्रेसिडेंट डॉ. जया मिश्रा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जित करना नहीं, बल्कि संवेदनशील, संस्कारित और उत्तरदायी नागरिक का निर्माण करना है। समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए ही विद्यार्थी वास्तविक सफलता प्राप्त कर सकते हैं। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. स्मिता सेलट ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए यहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अनुसंधान, नवाचार, कौशल विकास, उद्यमिता और रोजगारोन्मुखी शिक्षा पर विशेष बल दिया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन करने और विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. सुशील चंद्र तिवारी और कुलसचिव डॉ. वैभव तिवारी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के न्यूजलेटर का विमोचन भी किया गया।

कैंपस की गतिविधियों से कराया परिचित

दीक्षारंभ कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशित विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, नवाचार एवं अनुसंधान सुविधाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही छात्र क्लबों, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), एनसीसी, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों सहित विभिन्न शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक अवसरों से भी अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता की। समारोह में परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव, डीन डॉ. स्वर्णली दास पाल, डॉ. सोरेन सरकार, डॉ. जसपाल बग्गा, डॉ. प्राची निमजे, डॉ. धनेश जोशी सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एकता मिश्रा और डॉ. परख सहगल ने किया। अंत में छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. गोविन्द शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

धर्मसभा में राष्ट्र संत मणिभद्र मुनि ने कहा

दूसरों के दुर्भाग्य को अपना सौभाग्य समझना सबसे बड़ा दुर्भाग्य : मुनि

दुर्ग। दूसरों की परेशानी, कमजोरी या नुकसान को अपने लाभ का अवसर समझना जीवन के संस्कारों को कमजोर करता है। व्यक्ति का सुख और सफलता किसी दूसरे के दुख का कारण नहीं बनना चाहिए। दूसरों के दुर्भाग्य को अपना सौभाग्य समझना ही सबसे बड़ा दुर्भाग्य है। यह विचार जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में चल रहे आध्यात्मिक वर्षावास के अंतर्गत आयोजित धर्मसभा में राष्ट्र संत मानव मिलन के संस्थापक मणिभद्र मुनि महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि साधु-संत अपनी प्रतिज्ञाओं के कारण ऐसी किसी भी वस्तु को ग्रहण नहीं करते, जो उन्हें दी नहीं गई हो। जिस वस्तु पर किसी व्यक्ति का व्यक्तिगत अधिकार नहीं है और जो सार्वजनिक उपयोग की है, उसे भी साधु बिना अनुमति के ग्रहण नहीं करते। साधु जीवन में सूक्ष्म से सूक्ष्म अदत्तादान से बचने का प्रयास किया जाता है। गृहस्थ के लिए साधु जैसी कठोर मर्यादाओं का पालन संभव नहीं हो सकता, लेकिन श्रावक को भी प्रयास करना चाहिए कि वह किसी की वस्तु बिना अनुमति न ले और न ही किसी के अधिकार का अनुचित लाभ उठाए। राष्ट्र संत ने कहा कि अपनी क्षमता और संपन्नता का जरूरत से ज्यादा प्रदर्शन भी उचित नहीं है। आवश्यकता से अधिक दिखावा कई बार व्यक्ति के लिए परेशानी और असफलता का कारण बन जाता है। जीवन में सादगी, संयम और संतोष को अपनाना चाहिए। उन्होंने समाज और संघ के प्रति जिम्मेदारी की बात कहते हुए कहा कि समाज ने हमें आगे बढ़ने और आर्थिक रूप से मजबूत बनने में सहयोग दिया है। इसलिए आवश्यकता पड़ने पर अपनी क्षमता के अनुसार समाज और संघ का सहयोग करना हमारा दायित्व है।

तपस्वियों ने बढ़ाया उपवास का क्रम

धर्मसभा में तपस्या कर रहे साधकों की विशेष अनुमोदना की गई। टीकाराम ने 16 उपवास का संकल्प लिया। पूनम देशलहरा, भूमिका पारख, सुनीता भंडारी एवं मंजू संचेती ने 14 उपवास का संकल्प लिया। खुशबू बाघमार ने 13 उपवास, जबकि शुभम, रतन बोहरा, स्तुति पारख एवं संयमी पारख ने 6 उपवास का संकल्प दोहराया। श्रावक-श्राविकाओं ने तपस्वियों की सुखसाता पूछकर उनके तप की अनुमोदना की और उत्साहवर्धन किया। तपस्वियों के सम्मान एवं तप की अनुमोदना के निमित्त घीसूलाल पारख परिवार और रमेश और सुरेश बाघमार ने नवकार महामंत्र जप अनुष्ठान का लाभ लिया।

विद्यार्थियों ने बताया तिरंगे का महत्व

तिरंगे के मान में निकली रैली, भारत माता की जय के नारों से गूंजा चिंगरी

दुर्ग। देशभक्ति की भावना से सराबोर ग्राम चिंगरी मिडिल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को तिरंगा रैली निकालकर पूरे गांव का माहौल देशभक्तिमय कर दिया। हाथों में तिरंगा और दिलों में देशभक्ति का जज्बा लेकर निकली इस रैली में स्कूली बच्चों के साथ-साथ गांव के जनप्रतिनिधि भी कंधे से कंधा मिलाकर चले। रैली में शाला के शिक्षक-शिक्षिकाएं, ग्राम पंचायत सरपंच पुष्पा वागमारे, पंचायत सचिव रमणीक यादव सहित समस्त पंचगण विशेष रूप से शामिल हुए।

सभी ने भारत माता की जय, वंदे मातरम और तिरंगा हमारी शान है के नारे लगाते हुए गांव की गलियों का भ्रमण किया। छात्र-छात्राओं ने अनुशासन के साथ तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति के गीत गाए। रैली को देखकर ग्रामीणों ने भी घरों से बाहर निकलकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया और तिरंगे को सलाम किया। सरपंच पुष्पा वागमारे ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में देशप्रेम की भावना जागृत होती है। तिरंगा हमारी एकता और अखंडता का प्रतीक है। पंचायत सचिव रमणीक यादव ने बच्चों की देशभक्ति की भावना की सराहना करते हुए कहा कि चिंगरी गांव के बच्चे देश का नाम रोशन करेंगे। रैली का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस दौरान पूरा गांव देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

स्वरांजलि ने किशोर कुमार के जन्मदिन पर दी श्रद्धांजलि

किशोर के गीतों में फिर महकी यादें, प्रश्नोत्तरी से लेकर देशभक्ति के सुरों से सजी यादगार शाम

कार्नर न्यूज

भिलाई। किशोर कुमार की आवाज में ऐसा जादू था, जो हर दौर के श्रोताओं को अपने साथ जोड़ लेता है। उनके सदाबहार गीत आज भी कभी चेहरे पर मुस्कान लाते हैं तो कभी पुरानी यादों में ले जाते हैं। इसी अमर संगीत विरासत को सुरों में पिरोते हुए स्वरांजलि संगीत समूह ने किशोर कुमार के जन्मदिन के अवसर पर संगीतमय शाम का आयोजन किया। देर रात तक चले कार्यक्रम में कलाकारों ने किशोर कुमार के लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुतियों से समां बांधा और संगीत प्रेमी श्रोता झूमते रहे। कार्यक्रम दुर्ग महापौर अल्का वाघमार, समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा, अभिषेक गोस्वामी, प्रीति साहू, आकांक्षा मिश्रा, रत्ना नामदेव, प्रीति वेहरा, विनोद चंद्राकर, सरमद इमाम, सावित्री डमहे, आशीष चंद्राकर, अनूप अग्रवाल एवं मनीष पारख सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इनके अलावा अब्दुल वहीद खान, बीडी निजामी, साजिद मिर्जा बेग, महावीर जैन, तरुण देशमुख, रोशन देशमुख, दीपा देशमुख, अनंत सिंह और विजय दुबे सहित शहर के अनेक नागरिकों ने कार्यक्रम का आनंद लिया।

काश हमारी आवाज भी आप जैसी होती

महापौर अल्का वाघमार ने आयोजन के लिए स्वरांजलि समूह को शुभकामनाएं देते हुए कलाकारों की प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि किशोर कुमार जैसे महान कलाकार की स्मृति में होने वाले कार्यक्रम संगीत प्रेमियों को जोड़ते हैं। कलाकारों की प्रस्तुतियों से प्रभावित महापौर ने सहज अंदाज में कहा कि काश हमारी आवाज भी आप कलाकारों जैसी होती, तो हम भी गाने गाते। किशोर पर प्रश्नोत्तरी ने बांधा समांकार्यक्रम के दौरान किशोर कुमार के जीवन, संगीत एवं फिल्मों से संबंधित रोचक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें उपस्थित श्रोताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विजेताओं ने आकर्षक उपहार प्राप्त किए।

सुरों के साथ पर्यावरण और देशभक्ति का संदेश

स्वरांजलि के अध्यक्ष संजय दुबे ने अतिथियों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति प्रेम का संदेश दिया। इसके बाद उन्होंने देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी, जिससे कार्यक्रम का माहौल देशभक्ति के रंग में रंग गया। संगीत की महफिल में सूर्यकला शर्मा, गीता सिंग, पीयूषा मनहरे, तृप्ति, ज्योति, अनिल शुक्ला, जाहिद, सूरज अग्रवाल, अनुभव जैन और अमित अग्रवाल सहित कलाकारों ने किशोर कुमार के लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुतियां दीं। गीतों ने कभी श्रोताओं को भावुक किया तो कभी उन्हें तालियां बजाने और झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन अविनाश तिवारी ने किया। स्वरांजलि की सचिव सूर्यकला शर्मा ने अतिथियों, कलाकारों और श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राजेश सराफ, तुलसी सोनी, ईश्वर राजपूत, महमूद भाई, जीवन वर्मा, मुन्ना भाई, यदु भाई, शिवकांत तिवारी, संजय डहरवाल, किशोर सराफ, राज शर्मा, संजय पांडेय, हरीश कश्यप, फनीष तिवारी, विनोद जगत, अनिल बल्लेवार, दीपक साहू, अनिता अग्रवाल, मंजु जैन, अर्णिका विश्वास, पूनम, सुरेखा, सुलोचना सिंह और यशवंत बुधि सहित बड़ी संख्या में नागरिक, महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

चिता जलाने निगम की निःशुल्क लकड़ी योजना 4 दिन रही बंद, आज से सप्लाई बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शिवनाथ नदी तट स्थित मुक्तिधाम में पिछले चार दिनों से अंतिम संस्कार के लिए लोगों को लकड़ियां नहीं मिल पा रही थी। हर दिन लोग परेशान हो रहे थे। मजबूरी में उन्हें एक हजार रुपए क्विंटल के हिसाब से लकड़ी खरीदी पड़ रही थी। जानकारी के मुताबिक लकड़ी सप्लाई के लिए जिस संस्था को अधिकृत किया गया था, उसका टेंडर समाप्त हो गया था। एक्सटेंशन अवधि भी समाप्त हो गई थी। इस वजह से दिक्कतें सामने आई। मंगलवार को इसे लेकर निगम में खासी चर्चा रही। इसके बाद दोपहर बाद लकड़ियों की सप्लाई कर दी गई। कुछ लोगों को लकड़ियां उपलब्ध कराई गई। दावा किया गया है कि 12 अगस्त से स्थिति पूरी तरह से सामान्य हो जाएगी। बता दें कि निगम द्वारा साढ़े 3 क्विंटल निशुल्क लकड़ियां और 100 कंडे उपलब्ध कराए जाते हैं। इसके लिए निगम टेंडर कर लकड़ियां मंगवाता है। शनिवार को संस्था ने लकड़ी देने से मना कर दिया, इसके बाद स्थिति बिगड़ गई। मुक्तिधाम में प्रतिदिन 10 से ज्यादा शव जलते हैं। लकड़ियां नहीं मिलने से गरीबों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अखिल भारतीय अनुसूचित हेला जाति महापरिसंघ के प्रदेश महासचिव अनिल मनहरे ने इसकी शिकायत भी की। उन्होंने कहा कि निशुल्क लकड़ी वितरण का ठेका समाप्त हो जाने से निशुल्क लकड़ी वितरण बंद कर दिया गया। इस संबंध में निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि ठेका तो समाप्त हो गया है, परंतु जब तक दूसरा ठेका की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक पूर्व ठेकेदार को ही निशुल्क लकड़ी वितरण योजना का लाभ आम जनता को देना होगा। इधर निगम के अधिकारियों ने बताया कि स्थिति सामान्य हो गई है। निशुल्क योजना के अंतर्गत लकड़ियां वितरण शुरू कर दिया गया है। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने कहा कि यदि व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ, तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। मामला संवेदनशील है।

खबर संक्षेप

निकुम में तालाब किनारे गिरा बुजुर्ग, हुई मौत

निकुम। मंगलवार सुबह तकरीबन 10 बजे तालाब में नहाने के दौरान अटल नगर निकुम के 70 वर्षीय बुजुर्ग धरम पाल धनकर की मौत हो गई। अचानक तबियत बिगड़ने से गिर कर मौके पर ही मौत की जानकारी दी गई है। सूचना मिलते ही अंडा पुलिस मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर शव को पंचनामा कर पीएम करने दुर्ग भेजकर विवेचना में जुटी है।

हरेली उत्सव एवं खेल प्रतियोगिता आज

धमधा। छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली पर्व के अवसर पर वार्ड कांग्रेस कमेटी वार्ड क्रमांक 01, धमधा द्वारा 12 अगस्त बुधवार को हरेली उत्सव एवं खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 2 बजे से बाजार पारा, धमधा में होगा। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए विभिन्न पारंपरिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। महिला वर्ग में कुर्सी दौड़, फुगड़ी, चम्मच दौड़, मटका फोड़ एवं रस्सी कूद जैसी प्रतियोगिताएं शामिल हैं, जबकि पुरुष वर्ग में गेड़ी दौड़, स्लो साइकिल रेस, नारियल फेंक, मटका फोड़ एवं भौंरा प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 1000 रुपये तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 500 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। साथ ही प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम के संरक्षक के रूप में राजीव गुप्ता, सुरेश धीमर एवं देवनाथ सोनकर सहित वार्ड कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। आयोजकों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर हरेली पर्व को उत्साहपूर्वक मनाने की अपील की है।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को दी खुराक

अंडा। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस, के तहत ग्राम-अंडा स्थित सनराईस पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी बच्चों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल वितरित दी। इस दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ता एएनएम भारती व अंडा की मितानिन ने बच्चों को कृमि संक्रमण से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी। स्कूल प्राचार्य जितेंद्र साहू ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया।

बच्चों को बांटे बैग व फल

सेलूद। शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी भिलाई द्वारा विश्व आदिवासी दिवस पर गरियाबंद , मैनपुर क्षेत्र के ग्राम बंजारी बाहरा और उदंती के विद्यालयीन बच्चों को स्कूली सामग्री और फल वितरण किया गया। यहां पौधा रोपण भी किया गया। इस कार्य में संयोजन राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक संजय कुमार मैथिल, अध्यक्ष मीना भारद्वाज, किरण शर्मा, मनीषा वाइकर, सुषमा हिरवानी, सुनीता जनार्दन, परसराम साहू नीता साहू और बबीता गंगने सहित अन्य का योगदान रहा।

निधन

उदल सिंह चौहान

भिलाई। भिलाई तीन वार्ड 5 दादर बस्ती निवासी उदल सिंह चौहान (59) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी रूपलता सिंह, पुत्र प्रीतम सिंह और पुत्रियां उर्वशी सिंह व हिना सिंह सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे घनश्याम सिंह चौहान के छोटे भाई और कुंवर सिंह, संत सिंह, पत्रकार खिलावन सिंह के बड़े भाई थे।

भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया भक्तों ने

कांवड़ यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं ने किया जल से अभिषेक, मांगी राज्य की समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल, कुम्हारी नगर के तत्वावधान में भगवान भोलेनाथ को समर्पित भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई।

कांवड़ यात्रा की शुरुआत वार्ड क्रमांक 18 स्थित श्रीराम लिंगेश्वर मंदिर से हुई। यात्रा कुम्हारी चौक, कपड़ा मार्केट, कांजी हाउस हनुमान मंदिर और टोलगेट से होते हुए खारुन नदी के तट तक पहुंची यहां श्रद्धालुओं ने अपने अपने कलश में नदी से जल भरा। इसके बाद कांवड़ लेकर श्रद्धालु वापस वार्ड क्रमांक 18 स्थित श्री लिंगेश्वर मंदिर पहुंचे, जहां उसी जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। पूजा-अर्चना के बाद आयोजित भंडारे में सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कांवड़ यात्रा के दौरान कुम्हारी नगर के व्यापारियों ने भी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं जल वितरण की व्यवस्था की। कार्यक्रम का नेतृत्व विहिप कुम्हारी नगर अध्यक्ष अनुज शुक्ला, संयोजक कुणाल शर्मा, नगर मंत्री भूपेंद्र मानिकपुरी, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी अध्यक्ष रत्ना दास एवं भाजपा पार्षद प्रवीण राव ने किया। इस कलश यात्रा में उपाध्यक्ष अनिल निखाड़े, गौरक्षा प्रमुख मोनू साहू, हरीश सोनी, गणेश यादव, भावेश चौहान, मनोज यादव, सुनील, प्रमोद, राजकुमार, रवि साहू, शुभम चिंचुलकर, बादल सहित दुर्गा वाहिनी की दुर्गा देवी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे साथ ही कुम्हारी नपा अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा, मिथिलेश यादव, पार्षद उमाकांत साहू, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती तृप्ति चंद्राकर सहित विभिन्न समाजों के प्रमुख लोगों ने भी सहभागिता की।

ओटेबंद और जामगांव आर में भी भक्तों का लगा रहा तांता

ओटेबंद श्री विष्णु मंदिर तक निकली श्रद्धालुओं की पैदल यात्रा

अण्डा। सावन मास पर ग्राम ओटेबंद स्थित श्री विष्णु मंदिर तक शिव भक्तों ने श्रद्धापूर्वक पैदल यात्रा निकाली। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस धार्मिक यात्रा में मोरध्वज गुप्ता, देवधर साहू, बरातू साहू, श्रद्धा गुप्ता, प्राची गुप्ता, लीला साहू, सावित्री साहू, खुशी साहू, ममता देशमुख, परमेश्वरी साहू, दानेश्वरी साहू, चांदन देशमुख, सालिनी देशमुख, खुशी देशमुख, लोकेश्वरी साहू, रेशमा साहू, अनिता साहू, हर्षिता साहू, डाली देशमुख, जानवी देशमुख, साक्षी साहू, वीरा साहू, राशि साहू, देव साहू, पुष्कर साहू, टोमन देशमुख, डिम्पल साहू, नेहा साहू, प्रदीप साहू, प्रतीषा साहू, गज्जू साहू एवं संतोष देशमुख आदि शामिल हुए।

कांवड़ यात्रियों का शिव मंदिर में हुआ स्वागत

जामगांव आर। क्षेत्र के युवाओं ने तातापानी शिव मंदिर बलरामपुर से कुम्लेश्वर महादेव कुम्हली कुमलेश्वर महादेव मंदिर तक 600 किलोमीटर की 8 दिवसीय भव्य कावर यात्रा पूर्ण की। बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति कुम्लेश्वर महादेव कुम्हली संयोजक मोगन सपहा बताया 19 वर्षों से यह भव्य यात्रा जारी है। यात्रा में तपेश्वर साहू,फनिष सपहा, नन्द कुमार डहरिया, संदीप साहू, खुमान साहू, विक्की साहू, सहदेव यादव, ओमप्रकाश विस्वकर्मा, महेंद्र, विस्वकर्मा, भीषम ठाकुर, गोकुल डहरे, सुखित देशलहरे शामिल हुए। कुम्हली पहुंचने पर बच्चो सहित ग्रामीणों ने यात्रियों का भव्य स्वागत किया।

सेलूद धान खरीदी केंद्र में किया पौधारोपण

सेलूद। खबरनामा ग्रुप द्वारा चलाए जा रहे 'जन्मदिन पर पौधरोपण' महाअभियान के तहत धान खरीदी केंद्र सेलुद में भारतीय जनता पार्टी संगठन के प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने पौधा रोपण किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष निक्की भाले, सभापति केवल देवांगन, मंडल अध्यक्ष ज्योति प्रकाश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, प्राधिकृत अध्यक्ष टामन लाल साहू, दिव्या कलिहारी, खेमलाल साहू, केशव बंछोर, समीर

भाजपा मंडल कुम्हारी ने धूमधाम से निकाली तिरंगा रैली

कुम्हारी। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व देशभक्ति का संदेश लेकर कुम्हारी भाजपा मंडल ने मंगलवार को तिरंगा रैली निकाली। यह रैली नगरपालिका कुम्हारी से प्रारम्भ होकर रामपुर चोरहा, जजंगिरी, कुगदा से होकर ग्राम परसदा में समाप्त हुई। पांच गांवों से होकर गुजरी इस तिरंगा यात्रा ने लोगों को एकता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। अब देखना होगा कि स्वतंत्रता दिवस के दिन "हर घर तिरंगा" अभियान को ग्रामीण इलाकों में कितना व्यापक जन समर्थन मिलता है। रैली में भाजपा मंडल के कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

बिजनेस साइट

ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट

दुर्ग। दुर्ग के इंदिरा मार्केट स्थित शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स की अनगिनत डिजाइन लोगों को खूब आकर्षित कर रही हैं। संचालक श्री सोनी ने बताया कि उनहोंने अपने यहां मासिक ई योजना चालू की है। इसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि उनके यहां घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध है। ग्राहक अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट घर से भी दे सकता है। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। पुराने गहने को बिना वजन घटे नया बनाने का काम भी ओम ज्वेलर्स करता है। ज्वेलरी रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है। आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट)एवं 750(18कैरेट) के हॉलमार्क गहने उपलब्ध हैं। उन्हें यहां पूरे शहर से कम दाम पर ज्वेलरी उपलब्ध है। 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच, जितना सोना उतनी चांदी फ्री दी जाती है।

बीएड में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आज

भिलाई। बीएम कॉलेज गोकुल नगर, पुलगांव दुर्ग हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से मान्यता प्राप्त संस्था है। इसके अंतर्गत बीसीए, बीबीए, पीजीडीसीए और बीएड कोर्स संचालित है। बीएड के लिए कॉलेज कोड 114336 है। बीएड में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 5 अगस्त से शुरू है। अंतिम तिथि 12 अगस्त है। संस्था में एसी लैब, क्लासरूम और वाईफाई कैम्पस की सुविधा उपलब्ध हे। संस्था का विगत वर्षों का रिजल्ट 100% रहा है। संस्था द्वारा आरक्षित वर्ग हेतु छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। छात्र अपनी सुविधानुसार ट्यूशन फीस को किस्तों में भी जमा कर सकते हैं। प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी संस्था में आकर प्रवेश ले सकते हैं।

बरसात में त्वचा पर बढ़ सकता है फंगल इंफेक्शन : डॉ. संप्रिति सेन्दुर

दुर्ग। बारिश की फुहारें गर्मी से राहत जरूर देती हैं, लेकिन मौसम में बढ़ी नमी त्वचा के लिए परेशानी खड़ी कर सकती है। बरसात में पसीना, गीले कपड़े और शरीर के कुछ हिस्सों में लंबे समय तक बनी नमी के कारण दाद, खुजली, फंगल इंफेक्शन, घमौरियां और लाल चकत्ते जैसी त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में त्वचा की साफ-सफाई के साथ उसे सूखा रखना बेहद जरूरी है। डॉ. संप्रिति के अनुसार बरसात के मौसम में त्वचा पर होने वाली छोटी-सी खुजली या लालिमा को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। लगातार खुजली, गोलाकार चकत्ते, जलन, लालिमा या दाने दिखाई देने पर समय पर विशेषज्ञ की सलाह लेना जरूरी है। कई बार लोग शुरुआती लक्षणों में खुद से क्रीम या दवा का इस्तेमाल शुरू कर देते हैं, जिससे समस्या दबने के बजाय लंबे समय तक बनी रह सकती है। इसलिए त्वचा संबंधी परेशानी होने पर चिकित्सकीय सलाह से उपचार लेना ज्यादा सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि बारिश में भीगने के बाद गीले कपड़ों को तुरंत बदलना चाहिए। पसीने से कपड़े गीले होने पर भी लंबे समय तक इन्हें पहनने से बचना चाहिए। डॉ. संप्रिति सेन्दुर से त्वचा संबंधी परामर्श के लिए बस स्टैंड के सामने, अरिहंत मेडिकोज सौभाग्य कॉम्प्लेक्स, दुर्ग में संपर्क किया जा सकता है।

डीएवी मॉडल कॉलेज की छात्रों ने मारी बाजी

भिलाई। डीएवी मॉडल कॉलेज, आर्य नगर, धमधा रोड दुर्ग बीएड पाठ्यक्रम के चतुर्थ सेमेस्टर 2026 के परीक्षा परिणाम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आस्था अग्रवाल 87.70%, रंजना साहू 87.52%, प्रिया सिन्हा 86.58%, देवोलीना 86.58%, श्रेया अहीर 86.05%, अंजलि कोसरे 84.08%, अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के डायरेक्टर विनीत बंसल ने विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उपाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव, सचिव संतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष सुजीत खरे, प्राचार्य डॉ. पुष्पा पाण्डेय, प्रभारी उषा साहू, सहा. प्राध्यापक एल शाने, मधु यादव, ज्योति सिंह, सिंपल शर्मा आदि ने करियर में निरंतर सफलता की कामना की।

विधायक निधि से ओपन जिम खरीदी पर उठे सवाल, कलेक्टर से जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओखरा

अहिवारा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में विधायक निधि से वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के दौरान कराई गई ओपन जिम उपकरणों की खरीदी एवं स्थापना को लेकर कथित वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं।

इस संबंध में जिला कलेक्टर, दुर्ग को लिखित शिकायत देकर पूरे मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि अहिवारा विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में विधायक निधि से ओपन जिम स्थापित किए गए हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार वर्ष 2024-25 में 7 तथा वर्ष 2025-26 में 29 ग्राम पंचायतों में ओपन जिम के लिए राशि स्वीकृत की गई, यानी कुल 36 ग्राम पंचायतों में लगभग 2 करोड़ 20 लाख रुपये की खरीदी किए जाने की जानकारी सामने आई है। शिकायत में इस राशि और ग्राम पंचायतों की संख्या का सरकारी अभिलेखों से सत्यापन कराने की मांग की गई है।

धूमधाम से मनाया प्रवेशोत्सव बांटी 45 छात्राओं को साइकिल

कुम्हारी। सेजेस जजंगिरी में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि नगरपालिकाध्यक्ष मीना वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करना चाहिए साथ ही नियमित शाला में उपस्थित होना चाहिए। समय बदल चुका है। जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को बैग, जूता, कॉपी पेंसिल एवं गणवेश का वितरण किया। अंत मे कक्षा 9 वीं की 45 पात्र छात्राओं को शासन की महत्वाकांक्षी निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत सायकल का वितरण किया गया। इस मौके पर लोकेश साहू पार्षद वॉर्ड क्रमांक -23, पार्षद ममता साहू, पार्षद लता साहू, मनहरण साहू एल्डरमैन, मिथिलेश यादव किसान मोर्चा प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रभारी, राजू निषाद सांसद प्रतिनिधि, रूपेश साहू अध्यक्ष पालक समिति, टीका राम साहू, नरेश साहू, पुनीत निषाद, पीताम्बर साहू, राजू लाल साहू युवा मोर्चा अध्यक्ष कुम्हारी, देवनन्दन साहू, रामकुमार वर्मा, गोदावरी साहू एवं शिवम राय उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रूपेश साहू ने किया।

निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर कल से

सेलूद। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, जिला स्वास्थ्य समिति दुर्ग एवं बालको मेडिकल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में 13 अगस्त को एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गाड़ाडीह में 14 अगस्त को निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों में कैंसर की समय पर पहचान, जांच, परामर्श एवं आवश्यकतानुसार आगे के उपचार के लिए मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। खंड चिकित्सा अधिकारी पाटन डॉ. बी. कठौतिया ने बताया कि कैंसर का समय पर पता लगने पर उपचार के बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

अंचल की खबरें

खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारियों की पदोन्नति में देरी, रोष

सेलूद। दुर्ग प्रदेश के समस्त 33 जिले में डिप्टी एमईआईओ के पद खाली हैं और सभी जगहों पर प्रभारी डिप्टी एमईआईओ कार्यरत हैं। वहीं खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारियों की पदोन्नति में देरी हो रही है। खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारियों के प्रमोशन से जिला स्तर के उक्त पदों को भरा जाना है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के दुर्ग संभाग के कार्यकारी संभागाध्यक्ष विक्रम सिंह रामटेके ने मीडिया को बताया कि उक्त पदों को भरने के लिए संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, छत्तीसगढ़ कार्यालय से 2022 में खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारियों की अंतिम वरिष्ठता सूची जारी की गई थी उसके बाद अब तक न तो सूची जारी की जा रही है नहीं प्रमोशन ही किया जा रहा है। संगठन के माध्यम से शासन को दर्जनों बार पत्र लिखकर अनुरोध किया गया किंतु हर बार सिर्फ आश्वासन के अब तक कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। अपने प्रमोशन की बाट जोह रहे अनेक खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सेवानिवृत्त हो गए हैं। विभाग की इस उदासीनता पूर्वक रवैया से खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारियों में भारी असंतोष व्याप्त है और अब कोर्ट के शरण में जाने के लिए मन बना लिये हैं।

विश्व आदिवासी दिवस पर विधिक जागरुकता

भिलाई। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग के अध्यक्ष के. विनोद कुजूर के मार्गदर्शन में सचिव उमेश कुमार भागवतकर ने ग्राम ननकट्ठी में पैरा-लीगल वालेंटियर्स के साथ एक जनजागरुकता पहल की। पंचायत भवन में ग्रामीणों को आदिवासी समुदायों के अधिकारों, विधिक संरक्षण, निःशुल्क विधिक सहायता और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सेवाओं की जानकारी दी गई। पंचायत भवन से जागरूकता रैली गांव के हाट-बाजार और विभिन्न हिस्सों से होकर गुजरी। कम्यूनिटी मीडियेटर्स, पीएलवी, ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से यह रैली चलती-फिरती विधिक जागरूकता मुहिम बन गई।

मनाया गया अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस

अंडा। शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा में अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस पर प्रमुख अतिथि प्राचार्य डॉ. के.एन. मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि आदिवासी संस्कृति न केवल हमारी धरोहर है, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीने की कला भी सिखाती है। इस दौरान आदिवासी नृत्य, लोकगीत, भारत की विभिन्न जनजातियों की पारंपरिक वेशभूषा, आभूषणों और कला को प्रदर्शित करता विशेष 'आदिवासी रैंप वॉक' आकर्षण के केंद्र में रहा। समारोह में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ तथा बड़ी संख्या में हुये छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की अभिनव पहल

जामगांव आर। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बटरेल में शनिवार को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से विविध शैक्षणिक, सांस्कृतिक, कौशल एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, लोकगीत, लोकनृत्य एवं पारंपरिक वेशभूषा का मनोहारी प्रदर्शन किया। प्राकृतिक सामग्री से निर्मित मुखौटों एवं पत्तों से बनाए पारंपरिक आभूषणों के माध्यम से प्रकृति और संस्कृति के संबंध को जीवंत किया गया। तीर-कमान के माध्यम से आदिवासी जीवनशैली पर आधारित अभिनय प्रस्तुति भी दी गई।

सेवानिवृत्ति पर शिक्षिका को दी भावभीनी विदाई

उतई। शासकीय प्राथमिक शाला धनोरा की समर्पित शिक्षिका तथा प्रधान पाठक अंबिका सॉन्ग की सेवानिवृत्ति अवसर पर गरिमामय एवं भावपूर्ण सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर ने भी उपस्थित होकर अंबिका सॉन्ग को सेवानिवृत्ति की शुभकामनाएं दीं। अंबिका सॉन्ग ने 19 नवंबर 1984 को शिक्षा विभाग में शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं प्रारंभ की थीं। अपने लगभग 42 वर्षों के सेवाकाल में उन्होंने पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया।

!! न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ०ग०)!!

उदघोषणा

रा.प्र.क्र.-202608103000012/अ-6-अ/2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक - श्री अरुण कुमार पिता श्री चोवाराम उम्र 60 वर्ष निवासी मकान नंबर 51 ग्राम खम्हरिया पोष्ट पुरई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदक के नाम से ग्राम खम्हरिया प.ह.- 54 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग मे स्थित खसरा नंबर 657/1 रकबा 0.3900 हे. मे से 0.1000 हे. या 1012 वर्गमीटर भूमि को अपने पुत्र लिखेन्द्र कुमार को उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग में दान पत्र के. माध्यम से दिनांक 24/06/2024 को दान मे दिया है। पुस्तक क्रमांक अ-01 ग्रंथ. क्रमांक 3242 पृष्ठ क्रमांक 312 से 333 ई-पंजीयन आई.डी. नं. सी.जी 224-25-113-1-1647 देकर पंजीबद्ध किया गया है। उक्त दानशुदा भूमि में अभी भी भूमिस्वामी का नाम (दानकर्ता) अरूण कुमार आ. चोवाराम अंकित है। दानशुदा भूमि मे दानग्रहिता का नाम ऑनलाईन प्रविष्टि नही होने के कारण आवेदन न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक. 13/8/26 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 4/8/26.. को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
दुर्ग

// न्यायालय नायब तहसीलदार, जिला दुर्ग (छ.ग.) //
रा.प्र.क्र.-202607104400033
अ-21(1) / वर्ष 2023-24
ग्राम- देउरकोना

|| ईश्तहार ||

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि केशव मंडावी उर्फ केशोराम पिता विक्रम जाति गोंड निवासी ग्राम देउरकोना तहसील बोरी जिला दुर्ग छ.ग. ग्राम देउरकोना प.ह.नं.-01 तहसील बोरी रा.नि.म. बोरीबुजुर्ग तहसील बोरी स्थित भूमिस्वामी हक में दर्ज भूमि खाता क्रमांक. 135 खसरा नंबर 326/2, 393, 402, 445, 480, 483, 487, 520, 628, 631, रकबा क्रमशः 0.83, 0.40, 0.41, 0.71, 0.27, 0.20, 0.10, 035, 0.06, 0.90 हे. कुल खसरा नंबर 10 कुल रकबा 4.23 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज हैं। उक्त खसरा नंबर की भूमि में से खसरा नंबर 520 रकबा 0.35 हे. भूमि को अपने परिवार के रहने के लिए मकान बनाना व अपने 02 नाति नातिन की शादी व प्रथम पक्षकार विक्रेता की पत्नी/ की ईलाज लिए रकम की आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी कुलेश्वर निषाद पिता पंचराम निषाद निवासी ग्राम देउरकोना को विक्रय किये जाने का इकरारनामा का पक्का सौदा 6,96000/- अक्षरी छः लाख छियानबे हजार रुपये तय राशि है, बयान के रूप में 4,00000/- अक्षरी चार लाख रुपये नगद प्राप्त किया जा चुका हैं बाकी राशि को विक्रय अनुमति के पश्चात प्राप्त किया जावेगा उक्त खसरे नंबर की भूमि के अनुसार बिक्री हेतु कलेक्टर दुर्ग महोदय के पृ. क्र.46/प्र. कले.2026 दुर्ग दिनांक व अनु./क्र.धमधा पृ.(रा)अ.वि. 510/वाचक/2026 धमधा दिनांक 10.07.2026 के माध्यम से नियमानुसार कार्यवाही हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है उक्त भूमि को विक्रय किये जाने की अनुमति प्राप्त करने छ.ग. भू.रा.सं. की धारा 165(6) के तहत आवेदन कलेक्टर महोदय के समक्ष पेश किया है जो जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः भूमि विक्रय अनुमति किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा हो तो नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 13 / 8 / 2026 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
बोरी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

12 अगस्त
जीवेत शरदः शतम्
पुरुषोत्तम देवांगन
नटवर ताम्रकार
श्रीमती सरस्वती बंजारे
लिमन साहू
सतीष साहू
रामजी निर्मलकर
अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राजमहंत
माननीय
श्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा जी
उपाध्यक्ष-अनुसूचित जाति वि.प्रा. (केबिनेट मंत्री दर्जा) छ.ग. शासन
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं !
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
श्री अरुण साव जी
उपमुख्यमंत्री- छ.ग. शासन
अशोक बाफना
उपाध्यक्ष-न.पा.पं. अहिवारा
अनुज साहू
वार्ड क्रं.- 02 न.पा.पं. अहिवारा
शिवनारायण अग्रवाल
वार्ड क्रं.- 05 न.पा.पं. अहिवारा
प्रदीप कोचरे
वार्ड क्रं.- 6 न.पा.पं. अहिवारा
ईश्वर शर्मा
वार्ड क्रं.- 09 न.पा.पं. अहिवारा
मीना जोशी
वार्ड क्रं.- 14 न.पा.पं. अहिवारा
मुकुंद पटेल
वार्ड क्रं.- 15 न.पा.पं. अहिवारा

अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राजमहंत
माननीय
श्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा जी
उपाध्यक्ष-अनुसूचित जाति वि.प्रा. (केबिनेट मंत्री दर्जा) छ.ग. शासन
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं !
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
15 AUGUST
पुरुषोत्तम देवांगन
भाजपा भिलाई अध्यक्ष
सतीष साहू
विधायक प्रतिनिधि
नटवर ताम्रकार
पूर्व अध्यक्ष - नगर पालिका अहिवारा
पवन जैन
अध्यक्ष-सेवा सहकारी समिति
ग्राम-अहिवारा
देवानंद निर्मलकर
अध्यक्ष-सेवा सहकारी समिति
ग्राम-ओटेबंध
अनिता परगनिहा
अध्यक्ष-सेवा सहकारी समिति
ग्राम-लिमतरा
पवन यादव
अध्यक्ष-सेवा सहकारी समिति
ग्राम-पाहरा
12 अगस्त
रामकुमार धनकर
अध्यक्ष-सेवा सहकारी समिति
ग्राम-नदौरी
जगन्नाथ यादव
अध्यक्ष-सेवा सहकारी समिति
ग्राम-अहेरी
रूपराम साहू
अध्यक्ष-सेवा सहकारी समिति
ग्राम-मुरमुंदा
दिनेश साहू
अध्यक्ष-सेवा सहकारी समिति
ग्राम-गोंढ़ी
विनीत : समस्त अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति एवं ग्रामवासी - अहिवारा मुरमुंदा मण्डल

खबर संक्षेप

पट्टा के लिए नहीं हुआ सर्वे तारीख बढ़ाने सौंपा ज्ञापन

भिलाई। पट्टा संघर्ष समिति रिसाली की अध्यक्ष प्रियंका गौतम के निर्देशन पर समिति के पदाधिकारियों ने रिसाली निगम पहुंचकर पट्टा के लिए हो रहे सर्वे की तारीख बढ़ाने की मांग की। समिति के सदस्यों ने बताया कि बस्तियों में पट्टा देने के लिए सर्वे कार्य हो रहा है। सर्वे की आखिरी तारीख 15 अगस्त तक है, लेकिन अभी तक स्टेशन मरोदा के 6 वार्डो 16,17,18,19,20 और 21में सर्वे नही हुआ है। सर्वे के समय जरूरी दस्तावेज क्या लगेगा, इसकी पूर्व सूचना नहीं दी जा रही है, जिससे स्थानीय रहवासियों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। तय समय सीमा पर बचे सभी वार्डो में सर्वे कब तक होगा, उस पर भी संशय की स्थिति बनी हुई है। स्टेशन मरोदा के सभी वार्ड सर्वे से वंचित न हो जाए, इसलिए तारीख बढ़ाने की आवश्यकता है। ज्ञापन सौंपने वालों में बसंत सिंह, राजेन्द्र रजक, पंकज सिंह, गुरुचरण, श्याम वर्मा, सीपी देशलहरे, अर्जुन शांडिल्य सहित अन्य शामिल थे।

गहोई वैश्य समाज ने मनाई मैथिली शरण गुप्त जयंती

भिलाई। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के जन्मदिवस उत्सव सियान सदन नेहरू नगर में मनाया गया। डॉ. संध्या नगरीय के मार्गदर्शन में रक्त दान शिविर आयोजित किया गया जिसमें 35 से ज्यादा गहोई सदस्यों ने रक्तदान कर राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त को श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि गहोई वैश्य महासभा के छत्तीसगढ़ के पूर्व अध्यक्ष और संरक्षक ब्रजेश बिचपुरिया, विशेष अतिथि नंदू बिचपुरिया, डॉ. संध्या नगरीय, राकेश रूसिया उपस्थित थे। अध्यक्षता गहोई वैश्य समाज के अध्यक्ष विनय पिपरसनिया ने की। इस दौरान उपाध्यक्ष विनय पिपरसानिया, राकेश बहारिया, विनोद लोहिया ,रमन बिचपुरिया आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में रचना प्रस्तुति, बालवृंद की प्रस्तुति, महिलाओं द्वारा आयोजित काव्य रचना की प्रस्तुति दी गई। मंच संचालन आस्था सिंजारिया ने किया। ब्रजेश बिचपुरिया ने कहा कि झांसी में 17 जनवरी 2027 में होने वाली गहोई महाकुंभ में 50000 लोगो का पहुंचने का लक्ष्य है।

हरेली तिहार पर होगी कृषि औजारों की पूजा

भिलाई। भाजपा जिला भिलाई द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रथम पारंपरिक एवं लोक पर्व हरेली तिहार का आयोजन जिला कार्यालय मे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर कृषि कार्य में उपयोग होने वाले हल, कुदाल, फावड़ा एवं अन्य कृषि औजारों की विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। 12 अगस्त को आयोजन किया जाएगा। संगठन के योगेंद्र सिंह ने बताया कि हरेली तिहार छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति, कृषि परंपरा और प्रकृति के प्रति आस्था का प्रतीक है। इसी पर्व के साथ छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति एवं लोकपर्वों की शुरुआत मानी जाती है। किसान इस दिन अपने कृषि उपकरणों की पूजा कर अच्छी फसल, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हैं।

ब्राह्मण मित्र मंडल ने किया रुद्राभिषेक



भिलाई। ब्राह्मण मित्र मंडल द्वारा श्रावण मास में द्वितीय सोमवार को सामूहिक रूप से मंगल वाटिका कोहका रोड, कुरुद में सामूहिक रूप से रुद्राभिषेक, हवन पूजन, आरती किया गया। इसमें भगवान भोलेनाथ से संयोजक राम मिलन दुबे के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। रुद्राभिषेक विद्वान पंडितों के समूह द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के बीच किया गया। कार्यक्रम में ब्राह्मण मित्र मंडल संयोजक राममिलन दुबे, प्रभु नाथ मिश्रा, महेश तिवारी, राजमणि दुबे, सोमनाथ दिवेदी, राम अचल पांडे, राम लखन मिश्रा, शिव सागर मिश्रा आदि ने रूद्र अभिषेक किया।

राष्ट्रव्यापी आंदोलन के समर्थन में ट्रेड यूनियन व किसान संगठन जुटा

महंगाई और चार श्रम कोड के विरोध में मजदूरों का प्रदर्शन, न्यूनतम वेतन बढ़ाने की भी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

10 राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी हड़ताल के आह्वान के समर्थन में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा से जुड़ी ट्रेड यूनियनों, सीटू, एक्टू, जिला किसान संघ सहित बैंक, बीमा, पोस्ट ऑफिस और अन्य विभागों के कर्मचारी व मजदूर सोमवार को कलेक्टोरेट के सामने एकत्रित हुए। सुबह करीब 10 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सामने फ्लाईओवर के नीचे जुटे प्रदर्शनकारियों ने दोपहर 12 बजे सभा शुरू की। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के प्रतिनिधि को सौंपा।

सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर महंगाई बढ़ाने के बावजूद मजदूरों के न्यूनतम वेतन में पर्याप्त वृद्धि नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण मेहनतकश वर्ग के लिए जीवनयापन मुश्किल होता जा रहा है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि मजदूरों के हित में बने कानूनों को समाप्त कर उनकी जगह चार श्रम कोड लागू किए गए हैं, जो मजदूर विरोधी हैं। यूनियन के पदाधिकारियों ने देश के संसाधनों के निजीकरण और कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने का भी विरोध किया। वक्ताओं ने शिक्षा के बढ़ते निजीकरण, किसानों की समस्याओं और विभिन्न फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी नहीं दिए जाने का मुद्दा उठाया। सभा का संचालन तुलसी देवदास और पुनाराम साहू ने किया। इस दौरान भीमराव बागड़े अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा, गजेंद्र झा छत्तीसगढ़ प्रभारी सीटू, बृजेन्द्र तिवारी राष्ट्रीय सचिव एक्टू, सुशांत कुमार संपादक दक्षिण कोशल, वीरेंद्र उके अधिवक्ता, एजी कुरैशी, अरुणा वैष्णव, पुष्पा ताम्रकार, रत्ना साहू, शैलेंद्री कोसरे, ईश्वरी साहू, ममता देशलहरे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

राष्ट्रपति-सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

आंगनबाड़ी और रसोईया कर्मियों के लिए भी न्यूनतम वेतन की मांग

सभा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और रसोइया कर्मचारियों के वेतन का मुद्दा भी उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी और रसोइया कर्मचारियों के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, लेकिन उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया गया है। उन्होंने मानदेय के स्थान पर न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने मजदूरों के लिए 42 हजार रुपए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए 41 हजार रुपए, सहायिकाओं के लिए 35 हजार रुपए तथा रसोइया कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन निर्धारित करने की मांग रखी। साथ ही ग्रेच्युटी से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करने की मांग भी की गई।

जयंती स्टेडियम में 17 से 23 अगस्त तक आयोजित है शिवमहापुराण कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जयंती स्टेडियम में 17 अगस्त से 23 अगस्त तक आयोजित शिवमहापुराण कथा में कलश यात्रा इस बार भव्य और अद्भुत जीवंत दृश्यों से भरपूर रहेगी। हरियाणा प्रदेश के 50 शिव भक्त कलाकारों की टीम यहां शिव महिमा का जीवंत दृश्य पेश करेगी। कलश यात्रा की तैयारी के लिए आयोजन समिति बोल बम सेवा व कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष व भिलाई निगम उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने कलश यात्रा में शामिल हो रही शिवभक्त महिलाओं की बैठक लेकर इसकी विस्तृत रूपरेखा बताई। 16 अगस्त को निकलने वाली विशाल कलश यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में अभी से उत्साह का माहौल है। आयोजन समिति के दया सिंह ने बताया कि इस वर्ष की यात्रा को ऐतिहासिक स्वरूप देने की तैयारी की गई है। हरियाणा से आने वाले 50 कलाकार भगवान शिव, माता पार्वती,भगवान गणेश, हनुमान जी भोलेनाथ माता पार्वती के साथ नंदी पर सवार दिखाई देंगे तो कहीं अघोरियों के साथ तांडव करते हुए नजर आएंगे। पार्वती और शिवगणों से जुड़े विभिन्न धार्मिक प्रसंगों की जीवंत झांकियां प्रस्तुत करेंगे। यात्रा के दौरान कहीं भोलेनाथ माता पार्वती के साथ नंदी पर सवार दिखाई देंगे तो कहीं अघोरियों के साथ तांडव करते हुए नजर आएंगे। भस्म रमाए, जटाधारी शिवभक्त कलाकार श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

छात्र ने लगाई फांसी

भिलाई। एक स्कूली छात्र ने अपने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामला मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि बॉम्बे आवास, उरला दुर्ग निवासी पुष्कर चौधरी 16 वर्षीय मंगलवार की दोपहर घर पर अकेला था। परिवार में सभी अपने काम पर निकले हुए थे। जब बहन ट्यूशन से लौटी, तो घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद था। उसने तुरंत इसकी जानकारी माता-पिता को दी। परिजनों जब घर पहुंचे तो दरवाजा खोलकर देखने पर बेटा पुष्कर फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर लगने पर सीएसपी हर्षित मेहर, निरीक्षक केशव राम केसले मौके पर पहुंचे पंचनामा कर शव को पीएम के लिए भेजा गया। मौके से किसी भी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है। छात्र पुष्कर 12 वी की पढ़ाई करता था।

छत्तीसगढ़ शिक्षक भर्ती में विज्ञान, जीव विज्ञान व रसायन शिक्षकों के पद भी करें शामिल

भिलाई। छत्तीसगढ़ शिक्षक भर्ती 2026 को लेकर अभ्यर्थियों ने सरकार से भर्ती में आवश्यक विषयवार पदों को शामिल करने तथा सीटीईटी से संबंधित आवेदन प्रक्रिया में तत्काल संशोधन की मांग की है। अभ्यर्थियों का कहना है कि वर्तमान शिक्षक भर्ती में विज्ञान शिक्षक के पर्याप्त पदों के साथ-साथ जीव विज्ञान व्याख्याता और रसायन व्याख्याता के पद शामिल नहीं किए गए हैं, जबकि शासकीय विद्यालयों में विज्ञान विषयों के शिक्षकों एवं व्याख्याताओं की आवश्यकता लगातार बनी हुई है। इस लेकर मंगलवार को अभ्यर्थियों ने सरकार से मांग करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ शिक्षक भर्ती 2026 में विज्ञान शिक्षक, जीव विज्ञान व्याख्याता एवं रसायन व्याख्याता के रिक्त पदों का विभागीय स्तर पर पुनः परीक्षण कर आवश्यकतानुसार पदों की संख्या बढ़ाई जाए तथा संशोधित भर्ती

विज्ञापन जारी किया जाए। दूसरी बड़ी समस्या सीटीईटी को लेकर है। सीटीईटी परीक्षा 6 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली है। अनेक बीएड अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल होने वाले हैं। पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने बताया कि पूर्व की भर्ती प्रक्रिया में ऐसी व्यवस्था रही है कि अभ्यर्थी परिणाम जारी होने तक आवश्यक पात्रता प्राप्त कर लेता था तो उसे पात्रता का अवसर मिलता था, लेकिन वर्तमान ऑनलाइन आवेदन में सीटीईटी रोल नंबर को रिक्वायर्ड फिल्ड बनाया गया है। इसके कारण आगामी सीटीईटी परीक्षा में शामिल होने वाले बीएड अभ्यर्थी, जिनके पास अभी सीटीईटी रोल नंबर उपलब्ध नहीं है वे ऑनलाइन आवेदन ही नहीं कर पा रहे हैं।

एचएस मिश्रा व डीके महासचिव निर्विरोध निर्वाचित

भिलाई। भिलाई श्रमिक सभा (एचएमएस) यूनियन का चुनाव इंडियन कॉफी हाउस सुपेला में हुआ पंजीयक व्यवसायिक संघ के दिशा निर्देश अनुसार चुनाव करवाने के लिए सहायक श्रमायुक्त दुर्ग पायल शर्मा उपस्थित थीं। उनके सहयोगी श्री पाल और वसंत शर्मा थे। आमसभा की अध्यक्षता प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ एच एस मिश्रा ने की। प्रमोद कुमार मिश्र ने भिलाई श्रमिक सभा यूनियन के अध्यक्ष पद के लिए नाम का प्रस्ताव मांगा इस पर डी के सिंह ने एच एस मिश्रा का नाम प्रस्तावित किया। समर्थन हरिराम यादव व टीका राम साहू ने किया। अन्य कोई प्रस्ताव नहीं आने पर चुनाव अधिकारी ने एच एस मिश्रा को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया। शेष पदाधिकारियों को चुनने की जिम्मेदारी नवनिर्वाचित अध्यक्ष और महासचिव को अधिकृत किया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा प्रकरणों की सुनवाई 13 अगस्त को: दुर्ग । छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. ममता साहू एवं सदस्य ओजस्वी मण्डावी के द्वारा 13 अगस्त को दुर्ग के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित विभिन्न 27 प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। सुनवाई के पश्चात दोपहर 3 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में प्रेसवार्ता भी ली जाएगी।